an>

Title: Need to set up medical colleges in all the districts under Hamirpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

कँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर) ः मैं यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार एवं अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर के हर जिले में नवीन मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में अपनी बात रखना चाहता हूँ, जहां उत्तर प्रदेश में मरीज द्वारा इलाज पर किए जाने वाला औसत खर्च राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है, वहीं मेरे संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का त्वरित एवं समुचित इलाज एक गंभीर चुनौती है। बुंदेलखण्ड से बहुत बड़ी संख्या में असाध्य एवं गंभीर रोगों के इलाज के लिए मरीज दिल्ली एम्स में आते हैं परंतु उनको लंबे समय के इंतजार के बाद भी समुचित इलाज प्राप्त नहीं हो पाता है। एम्स संस्थाएंÃ¬ मरीजों की लगातार संख्या में होने वाली वृद्धि के अनुरूप नहीं है।

जहां संपूर्ण बुंदेलखण्ड की 1.5 करोड़ की जनसंख्या में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 5 से भी कम है वहीं मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं है वहीं मरीजों को इलाज के लिए उधार लेकर या अपनी जमीन बेच कर दिल्ली एम्स आना पड़ता है और बहुत ही खराब परिस्थितियों में एम्स संस्थान के बाहर रहना पड़ता है। दिल्ली एम्स में इलाज कराने वाले अधिकांश मरीज/उनके परिवार दिहाड़ी पर काम करते हैं और इलाज के दौरान उनकी आय का स्रोत भी बंद हो जाता है। जटिल प्रशासकीय प्रक्रिया एवं उनके साथ होने वाले अनुचित व्यवहार के कारण उनमें अवसाद हो जाता है और कभी-कभी उनके द्वारा अतिवादी कदम भी उठा लिया जाता है।

अतः मैं भारत सरकार से यह निवेदन करता हूँ कि सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर एम्स संस्थानों की क्षमता में वृद्धि की जाये तथा गंभीर एवं असाध्य रोगी जिनके मामले लंबे समय से लंबित हैं और जिनको प्रधानमंत्री कोष से सहायता प्राप्त हो चुकी है उनका इलाज अविलंब किया जाए और इलाज की प्रशासकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने के साथ-साथ डॉक्टरों के व्यवहार को मरीज के प्रति संवेदनशील बनाया जाये तथा दिल्ली एम्स में बाहर से इलाज कराने आने वाले मरीजों एवं उनके सहायकों के ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था की जाये एवं मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी, उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में तत्काल मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जाए।